an>

Title: Need to install new system for forecasting natural calamities in advance to minimise loss of crops and lives.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, जहां पिछले दिनों आई बाढ़ से काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। बाढ़ के कारण वहां किसानों की फसल तो खराब हो ही गई, साथ ही भूमि भी खराब हो गई है और बह गई है, जिसके कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है।

महोदया, मैं जानना चाहता हूं कि क्या भविष्य में सरकार की कोई ऐसी योजना है, जिससे कि इन किसानों की खराब हुई फसल और भूमि का पूरा मुआवजा मिल सके। क्योंकि देश का किसान खेती पर ही निर्भर करता है। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि ऐसी विपदा में होने वाले नुकसान से बचने के लिए नवीन प्रणाली से युक्त संयत्र लगाए जाएं। जिससे ऐसी विपदाओं का पुर्वानुमान हो सके और किसानों के लिए भी कोई ऐसी योजना लाई जाए, जिससे किसानों की फसल का मुआवज़ा तुरंत मिल सके। इसके साथ ही मैं आपको यह भी सूचित करना चाहता हूँ कि जम्मू कश्मीर में राशन की बहुत ज्यादा किल्लत है। यहां से जो राशन भेजा जाता है, वह नहीं भेजा गया है। वहां फसल भी खराब हो चुकी है और राशन भी नहीं है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि सरकार को कोई डायरेक्शन दी जाए कि जम्मू कश्मीर में तुरंत राशन भेजा जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और लोग सरकारी डिपो से राशन ले सकें।